भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 2911

उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026 (गुरूवार)

22 श्रावण, 1948 (शक)

प्रश्न

त्रिपुरा में अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण

2911# **श्री राजीब भट्टाचार्जीः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस) - सड़क अवसंरचना के अतिरिक्त (ओटीआरआई) के अंतर्गत त्रिपुरा में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल तथा अन्य सार्वजनिक अवसंरचना से संबंधित परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है;

(ख) यदि हाँ, तो अनुमोदित परियोजनाओं, आवंटित एवं निर्गत की गई निधि, किए गए व्यय तथा उनकी वर्तमान प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या त्रिपुरा सरकार के कोई प्रस्ताव लंबित हैं; और

(घ) लंबित तथा वर्तमान में चल रही परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ग): पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान अर्थात वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 तक, उत्तर पूर्वी विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (नेसिड्स) - सड़क अवसंरचना के अलावा (ओटीआरआई) के तहत त्रिपुरा में 464.69 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 14 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। अनुमोदित परियोजनाओं, सेक्टर, स्वीकृत लागत, व्यय और वर्तमान प्रगति का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है। इसके अलावा, नेसिड्स (ओटीआरआई) के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान त्रिपुरा सरकार से प्राप्त कोई भी प्रस्ताव मंत्रालय में लंबित नहीं है।

(घ): उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की निगरानी और समय पर पूरा होने को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। मंत्रालय ने नेसिड्स (ओटीआरआई) परियोजनाओं सहित उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की परियोजनाओं के डेटाबेस को बनाए रखने और अद्यतन करने के लिए राज्य योजना विभागों और परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों

के साथ बातचीत करने, नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और परियोजनाओं के निष्पादन के बारे में उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय को फीडबैक प्रदान करने के लिए त्रिपुरा सहित सभी 8 पूर्वोत्तर राज्यों में फील्ड स्तरीय तकनीकी सहायता इकाइयों (एफटीएसयू) को तैनात किया है। एफटीएसयू अन्य बातों के साथ-साथ नेसिड्स (ओटीआरआई) परियोजनाओं सहित उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की स्कीमों के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का फील्ड निरीक्षण भी करते हैं।

इसके अलावा, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) के अधिकारियों द्वारा परियोजनाओं की समय-समय पर निगरानी और निरीक्षण किया जाता है। परियोजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर की राज्य सरकारों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें की जाती हैं। उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए परियोजना गुणवत्ता मॉनिटर/तृतीय पक्ष तकनीकी निरीक्षण एजेंसियों (पीक्यूएम/टीपीटीआई) को भी लगाया गया है।

*****

अनुबंध-I

"त्रिपुरा में अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण" विषय पर राज्य सभा में दिनांक 13 अगस्त, 2026 को दिए उत्तर जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 2911 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

एनईएसआईडीएस (ओटीआरआई) के तहत त्रिपुरा में स्वीकृत परियोजनाओं, सेक्टर, स्वीकृत लागत, व्यय और वास्तविक प्रगति का विवरण

(रुपये करोड़ में)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	सेक्टर	स्वीकृत लागत	वास्तविक प्रगति (%)	कुल व्यय
1	त्रिपुरा में मेडिकल गैस (ऑक्सीजन O2), मैनिफोल्ड सिस्टम वाली पाइपलाइन, लॉजिस्टिक्स (टेस्ट किट) और सीआरसिस्टम वाली एक्स-रे मशीन की व्यवस्था करके कोविड-19 के लिए मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना	स्वास्थ्य	19.32	95	0.10
2	त्रिपुरा के अलग-अलग जिलों में 'मिशन 100' के तहत विद्याज्योति स्कूलों से जुड़े नौ (9) हॉस्टल (100 सीट वाले) का निर्माण	शिक्षा	7.90	60	5.93
3	नेसिड्स (ओटीआरआई) के तहत त्रिपुरा के 240 स्कूलों में आईटी परियोजना से जुड़ी शैक्षिक अवसंरचना को लागू करना	शिक्षा	26.44	99	13.22
4	त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर छह उच्चतर माध्यमिक स्कूलों का अवसंरचना विकास	शिक्षा	50.50	88	32.15
5	बालरोग विभाग, एजीएमसी, त्रिपुरा में नवजात संसाधन विकास केंद्र की स्थापना और एनआईसीयू एवं पीआईसीयू का उन्नयन	स्वास्थ्य	7.20	2	0.10
6	गांधीघाट, अगरतला, पश्चिम त्रिपुरा में पर्यटन और सांस्कृतिक संवर्धन केंद्र	पर्यटन और संस्कृति	32.59	40	15.19

7	त्रिपुरा में 132 केवी की इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन लाइनों की हाई टेंशन लो एचटीएलएस कंडक्टर और संबंधित एक्सेसरीज़ के साथ री-कंडक्टरिंग	विद्युत	49.01	99	49.01
8	खोवाई, त्रिपुरा में खोवाई जिला अस्पताल के लिए नए भवन का निर्माण	स्वास्थ्य	48.47	0	11.37
9	सिपाहीजाला जूलॉजिकल पार्क, त्रिपुरा में पर्यटक सुविधाओं का विकास	पर्यटन और संस्कृति	57.28	0	-
10	उदयपुर, गोमती जिला, त्रिपुरा में अमरसागर दिघी का विकास	पर्यटन और संस्कृति	39.50	0	9.27
11	डंबुर झील में चार द्वीपों पर अन्य सुविधाओं के साथ पर्यटक अवसंरचना का विकास	पर्यटन और संस्कृति	29.28	0	-
12	बिश्रामगंज, सिपाहीजाला, त्रिपुरा में 100 बिस्तर वाले सिपाहीजाला जिला अस्पताल की स्थापना	स्वास्थ्य	47.00	0	-
13	त्रिपुरा में खेल अवसंरचना की स्थापना	खेल	25.20	0	-
14	त्रिपुरा के अलग-अलग पर्यटक स्थलों के लिए ओबीएमऔर वॉटर स्पोर्ट्स सामानों के साथ एफआरपी स्पीड बोट, एफआरपी इलेक्ट्रिक सोलर बोट और एफआरपी ग्लास बॉटम बोट की खरीद	पर्यटन और संस्कृति	25.00	0	-
	कुल	**-**	**464.69**	**-**	**136.34**
नोट: 31.07.2026 तक वास्तविक प्रगति और व्यय					

*****